विचारार्थ विषय

जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ

(अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रभाग)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय) की ओर से विशुद्ध रूप से अनुबंध आधार पर उपर्युक्त उल्लेखित पद के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

उत्तरदायितत्व:

- प्रवेश स्थलों(पीओई)(एपीएचओ/पीएचओ/एलबीएचयू) पर स्वास्थ्य इकाइयों को तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- प्रवेश स्थालों(एपीएचओ/पीएचओ/एलबीएचयू) पर स्वास्थ्य इकाइयों के लिए मार्गदर्शी दस्तावेजों के साथ दिशा-निर्देश, विचारार्थ विषय(टीओआर), टेम्प्लेट, फॉर्मेट, प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित और अपडेट करना।
- स्वास्थ्य क्षेत्र की विभिन्न पहलूओं के स्थितिपरक विश्लेषण में सहायता प्रदान करना। सुझावों/स्थितिपरक विश्लेषण से व्युत्पन्न कार्यनीतियों के विकास को सुगम बनाना।
- महामारी संबंधी डेटा की समीक्षा करना और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय एवं कार्यान्वयन एजेंसियों को जानकारी/फीडबैक देना।
- प्रवेश स्थलों(पीओई) के सुदृढ़ीकरण और आधारभूत(कोर) क्षमता के विकास के लिए विभिन्न बजट योजनाओं की नियमित आधार पर निगरानी और कार्यान्वयन।
- विभिन्न हितधारकों के समन्वय से, प्रत्येक प्रवेश स्थल(पीओई) के लिए अलग-अलग, सार्वजनिक स्वास्थ्य आकस्मिकता योजना का विकास करना ।
- कार्मिकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना।
- पर्यवेक्षकों(सुपरवाईसर) द्वारा सौंपे गए किन्हीं भी अन्य क्रियाकलापों/कार्यों का संचालन करना।

आवश्यक अर्हताएं:

(क) एमडी (समुदाय चिकित्सा/निवारक और सामाजिक चिकित्सा/सामुदायिक स्वास्थ्य प्रशासन)।

(ख) अर्हता प्राप्त करने के बाद(पोस्ट-क्वॉलिफिकेशन) जन स्वास्थ्य में कम से कम 1 वर्ष का कार्य अनुभव।

वांछनीय अर्हताएं/कौशल:

(क) राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर और कई हितधारकों के साथ कार्य करने का अनुभव ।

(ख) शैक्षिक/अनुसंधान अनुभव।

आयु सीमा: 50 वर्ष से अधिक न हो और यात्रा करने के लिए तैयार हों।

पारिश्रमिक: रुपये 1,39,230/- प्रति माह (समेकित)।

पदों की संख्या: चार

स्थान: दिल्ली

अन्य शर्तें: भारत सरकार/स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मौजूदा अनुदेशों के अनुसार।

अनुबंध की अवधि: 1 वर्ष, जिसे वार्षिक कार्य निष्पादन के मूल्यांकन के आधार पर, पारिश्रमिक में 05% की वृद्धि के साथ बढ़ाया जा सकता है।

आवेदन कैसे करें: उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन सही तरह से भरने का आग्रह किया जाता है जो एनएचएसआरसी की वैबसाइट http://nhsrcindia.org पर उपलब्ध है। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में होने पर ही स्वीकार किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **17 जनवरी 2023** है।